भारत सरकार

सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न सं. 614**

05.02.2020 को उत्तर देने के लिए

**उपभोक्ता व्यय सर्वेक्षण**

614. श्री अबु हसीम खान चौधरी:

क्या सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) वर्ष 2014 से लेकर अब तक, एनएसएसओ द्वारा किए गए सभी सर्वेक्षणों की वर्ष-वार सूची क्या है;

(ख) उक्त अवधि के दौरान एनएसएसओ द्वारा किए गए उपभोक्ता व्यय सर्वेक्षण (2017-18) और आवधिक श्रमबल सर्वेक्षण (पीएलएफएस) (2017-18) सहित सभी सर्वेक्षणों की वर्ष-वार सूची क्या है और जिन-जिन रिपोर्टों के निष्कर्ष स्वीकार नहीं किए गए हैं उन्हें स्वीकार न किए जाने के क्या कारण हैं;

(ग) पीएलएफएस (2017-18) और उपभोक्ता व्यय सर्वेक्षण (2017-18) की कार्यप्रणाली में वे कौन-सी विशिष्ट खामियां हैं जो सरकार द्वारा रिपोर्ट की अस्वीकृति में योगदान का कारक रही है;

(घ) क्या इसमें पाए गए दोषों को सुधारने/ठीक करने के लिए सर्वेक्षणों की कार्य प्रणालियों में कोई बदलाव किया गया है; और

(ड.) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**

**सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) तथा योजना मंत्रालय राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) (रॉव इंद्रजीत सिंह)**

(क) से (ग): एनएसएसओ द्वारा वर्ष 2014 से संचालित किए गए सभी सर्वेक्षणों और अभी तक जारी की गई रिपोर्टों की वर्ष-वार सूची अनुबंध में विवरण में दी गई है।

सेवा क्षेत्र पर उद्यम सर्वेक्षण (एनएसएस 74वें दौर (जुलाई, 2016 - जून, 2017)) के मामले में देखा गया कि सर्वेक्षण पद्धति में ऐसे मुद्दे थे जिनके परिणामस्वरूप सार्थक परिणाम नहीं आए और इस प्रकार केवल एक तकनीकी रिपोर्ट प्रकाशित की गई । एनएसएस के 75वें दौर (जुलाई 2017-जून 2018) के एक भाग के रूप में घरेलू उपभोक्ता व्यय सर्वेक्षण के परिणामों की जांच की गई तथा इन परिणामों की अन्य प्रशासनिक डेटा स्रोतो से तुलना करने पर यह पाया गया कि खपत प्रतिमानों के स्तरों के साथ-साथ परिवर्तन की दिशा में उल्लेखनीय अंतर था तथा यह भी पाया गया कि यह परिणाम उपभोग की गई वस्तुओं एवं सेवाओं की सब्सिडी के स्तरों को प्रभावी रूप से कैप्चर करने में असमर्थ रहे । इस प्रकार सर्वेक्षण परिणामों को व्यापक-आर्थिक संकेतकों जैसे  सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी), औद्योगिक उत्पादन सूचकांक (आईआईपी), उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) और थोक मूल्य सूचकांक (डब्ल्यूपीआई) के लिए आधार संशोधन हेतु प्रयोग नहीं किया जा सका है और इससे अनुमानों में अशुद्धियां पैदा होंगी तथा इस कारणवश रिपोर्ट जारी नहीं की गई थी ।

आवधिक श्रम बल सर्वेक्षण (पीएलएफएस) 2017-18 के मामले में, यह पाया गया कि सैंपलिंग डिजाइन बदले जाने के कारण इसकी तुलना पूर्ववर्ती रोजगार तथा बेरोजगारी पर किये गए सर्वेक्षणों के परिणामो साथ नहीं की जा सकती थी एवं यह बिंदु जारी की गई रिपोर्ट में सम्मलित कर दिया गया था जोकि  पब्लिक डोमेन में भी उपलब्ध है। ।

(घ) और (ड़): सरकार ने निरंतर आधार पर एनएसएस सर्वेक्षणों से संबंधित प्रणाली और कार्यप्रणाली की समीक्षा के लिए कई समितियों/स्थायी समितियों का गठन किया है जिसमें प्रमुख उपयोगकर्ता मंत्रालयों/विभागों के मुख्य विशेषज्ञ/ शिक्षाविद और प्रतिनिधि शामिल हैं और अन्य बातों के साथ-साथ डाटा कैप्चरिंग चरण पर पर्याप्त डाटा गुणवत्ता जांच के साथ सर्वेक्षण कार्यप्रणाली में सुधार की सिफ़ारिश की है ।

*****

**अनुबंध**

**दिनांक 05.02.2020 के लिए लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 614 के भाग (क) से (ग) के उत्तर में संदर्भित विवरण**

*****

**एनएसएसओ द्वारा वर्ष 2014 से अभी तक संचालित किए गए सर्वेक्षणों की सूची इस प्रकार है :**

1. **वर्ष 2014 के दौरान संचालित सर्वेक्षण:**

   i. सामाजिक उपभोग: शिक्षा और सामाजिक उपभोग: स्वास्थ्य पर एनएसएस का 71वां दौर (जनवरी 2014 - जून 2014)

   ii. घरेलू पर्यटन व्यय और सेवाओं व टिकाऊ वस्तुओं पर पारिवारिक व्यय सर्वेक्षण पर एनएसएस का 72वां दौर (जुलाई 2014 - जून 2015)

   iii. वार्षिक औद्योगिक सर्वेक्षण (एएसआई) 2013-14 (अक्टूबर 2014 - जून 2015)

2. **वर्ष 2015 के दौरान संचालित किए गए सर्वेक्षण:**

   i. स्वच्छ भारत सर्वेक्षण (मई 2015 - जून 2015)

   ii. अनिगमित गैर-कृषि उद्यम (निर्माण को छोड़कर) सर्वेक्षण पर एनएसएस का 73वां दौर (जुलाई 2015 - जून 2016)

   iii. वार्षिक औद्योगिक सर्वेक्षण (एएसआई) 2014-15 (जनवरी 2016 - सितंबर 2016)

3. **वर्ष 2016 के दौरान संचालित किए गए सर्वेक्षण:**

   i. सेवा क्षेत्र में उद्यम सर्वेक्षण पर एनएसएस का 74वां दौर (जुलाई 2016 - जून 2017) [केवल तकनीकी रिपोर्ट जारी की गई]।

   ii. वार्षिक औद्योगिक सर्वेक्षण (एएसआई) 2015-16 (जनवरी 2017 - अक्टूबर 2017)

4. **वर्ष 2017 के दौरान संचालित सर्वेक्षण:**

   i. पारिवारिक सामाजिक उपभोग:शिक्षा, पारिवारिक सामाजिक उपभोग:स्वास्थ्य सर्वेक्षण पर एनएसएस का 75वां दौर (जुलाई 2017 - जून 2018)

   ii. अप्रैल, 2017 से आवधिक श्रम बल सर्वेक्षण (पीएलएफएस)।

   iii. वार्षिक औद्योगिक सर्वेक्षण (एएसआई) 2016-17 (जनवरी 2018 - सितंबर 2018)

iv. डाटा गुणवत्ता के कारण एनएसएस का 75वें दौर के अंतर्गत पारिवारिक उपभोक्ता व्यय सर्वेक्षण जारी नहीं किया गया था ।

**5. वर्ष 2018 के दौरान संचालित किए गए सर्वेक्षण:**

i. दिव्यांगजनों का सर्वेक्षण और पेयजल, स्वच्छता, आरोग्यता एवं आवासीय स्थिति के सर्वेक्षण पर एनएसएस का 76वां दौर (जुलाई 2018 - दिसंबर 2018)

ii. वार्षिक औद्योगिक सर्वेक्षण (एएसआई) 2017-18 (नवंबर 2018-जून 2019)

iii. आवधिक श्रम बल सर्वेक्षण (पीएलएफएस) (2018-2019)

6. **वर्ष 2019 के दौरान संचालित किए गए सर्वेक्षण [डाटा के प्रसंस्करण के बाद रिपोर्टें तैयार की जाएंगी]**

i. परिवारों की भूमि एवं पशुधन धारिता तथा कृषक परिवारों की स्थिति के आकलन और ऋण एवं निवेश सर्वेक्षण पर एनएसएस का 77वां दौर (जनवरी 2019 - दिसंबर 2019)। क्षेत्र कार्य 31.12.2019 को संपन्न हुआ।

ii. वार्षिक औद्योगिक सर्वेक्षण (एएसआई) 2018-19 (नवंबर 2019- क्षेत्र कार्य चल रहा है) ।

iii. आवधिक श्रम बल सर्वेक्षण (पीएलएफएस) (2019-2020)।

iv. समय उपयोग सर्वेक्षण (जनवरी 2019 - दिसंबर 2019)। क्षेत्र कार्य 31.12.2019 को संपन्न हुआ। टीयूएस का संचालन प्रत्येक तीन वर्षों में एक बार किया जाएगा।टीयूएस (जनवरी 2019 - दिसंबर 2019) पहला सर्वेक्षण था।

v. असमाविष्ठ क्षेत्र उद्यमों पर वार्षिक सर्वेक्षण (अक्टूबर 2019 - मार्च 2020)।